53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 27.5°c अधिकतम 32.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:21, सूर्यास्त - 7:22 | वर्ष : 53/ अंक : 175 | बृहस्पतिवार, 26 जून 2025 | आषाढ़, शुकल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

समय के पास इतना समय नहीं कि वह आपको दोबारा समय दे।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

लोकतांत्रिक इतिहास के काले अध्यायों में से एक, आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे हो गए हैं : मोदी



तब के लोगों ने सहा क्या जान लें ये नौजवां.. एक हकूमत यूँ भी थी ये याद रहना चाहिए.......

# लो फिर थूक दिया...ज़लील हरकतों से बाज नहीं आएंगे जाहिल

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** कुछ लोग अपनी कौम को खुद ही बदनाम करने में लगे हुए हैं। आए दिन सोशल मीडिया पर कभी रोटी पर थूकना, कभी सब्जी पर मूत्र जैसी गंदगी की वीडियो वायरल होती दिखाई देती हैं। मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा अपने सोशल मीडिया के माध्यम से यह वीडियो जारी कर रहा है। उक्त वीडियो उत्तर प्रदेश के कहीं दूर-दराज के इलाके का नहीं बल्कि मुजफ्फरनगर के ही चन्द्रा टाकीज के बराबर में स्थित राज मार्किट के लजीज होटल का है, जहां पर एक रोटी बनाने वाला साफ तौर पर रोटी पर थूकता देखा जा सकता है। बुलेटिन पाठक द्वारा खुद यह वीडियो बनाकर जनहित में भेजी गयी है। बड़ी बात यह है कि जाहिल लोगों की ऐसी सैकड़ों वीडियो वायरल हो चुकी हैं, मगर कुछ लोग अपनी ज़लील हरकतों से बाज नहीं आते और उनके बाज न आने का कारण भी यही है कि सरकार ऐसे असामाजिक तत्वों पर कोई कार्यवाही नहीं करती। अगर सख्त कार्यवाही हो तो ऐसी हिमाकत कोई जीवनभर भी न करे, मगर लचीले कानून के कारण लोगों की धींगामुश्ती जारी है। देश में ऐसी सैकड़ों वीडियो वायरल हो चुकी हैं, जिसमें एक ही कौम के लोग कभी रोटियों पर थूकते तो कभी सब्जी में मूत्र छिड़कते दिखाई देते हैं। ऐसे लोग जेहादी मानसिकता के प्रतीत होते हैं। यह जेहादी मानसिकता आज नहीं तो कल कहीं न कहीं दंगा कराकर ही छोड़ेगी। और कहीं हो न हो मुजफ्फरनगर जैसे इलाकों में तो इस गलती के लिए ऐसे व्यक्ति को किसी सूरत में भी माफ नहीं किया जायेगा। धर्म के ठेकेदार यदि ऐसे लोगों को खुद ही सावधान कर दें तो ज्यादा बेहतर होगा, कानूनी कार्यवाही तो ऐसे शख्स पर जो होनी है, वह होकर ही रहेगी। यदि कानूनी कार्यवाही भी न हुई तो हिन्दू संगठन के लोग इसकी दुकान के आगे हर हाल में धरना देंगे फिर चाहे शहर में जो होता होगा, देखा जायेगा।

### नेता न करवा पाए कड़ी कार्यवाही तो यशवीर महाराज को बुलवाया जायेगा

**मुजफ्फरनगर।** रोटी पर थूकने वाले मामले में यदि इस बार मुजफ्फरनगर का प्रशासन अथवा नेता कोई सख्त कार्यवाही नहीं करा पाते तो यह तय है कि इस बात की सूचना यशवीर महाराज को दी जाएगी और वे अपनी घोषणा के अनुरूप इस दुकान के आगे आकर तब तक धरने पर रहेंगे, जब तक उक्त मामले में कोई सख्त कार्यवाही न होती दिखे। हैरानी की बात यह है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शासन होने के बाद भी कई बार मुजफ्फरनगर के ही असामाजिक तत्वों ने भगवान तक पर कमेंट किये हैं, मगर नेता कार्यवाही तक कराने में नाकामयाब रहे हैं और यशवीर महाराज लगातार इस बात का जागरण करते दिखाई देते हैं कि असामाजिक तत्वों और अशुद्ध खानपान रखने वाले लोगों की दुकानों से कोई खाद्य पदार्थ न खरीदें। बावजूद इसके असामाजिक तत्वों की हिम्मत लगातार बढ़ती जा रही है।



### कोई बेशर्म लोग ही होंगे जो ऐसे होटलों पर खाना खाने जायेगा

**मुजफ्फरनगर।** आपको बता दें कि पूरे देश में ही नहीं मुजफ्फरनगर में ही मांसाहारी दुकानें आधे से अधिक हिन्दुओं के दम पर ही चल रही हैं। कहीं मीनाक्षी चौक पर तो कहीं चन्द्रा टाकीज के बाहर दाएं-बाएं हिन्दू ही 400-400 की प्लेट चिकन की खाने जाते हैं, ऐसे लोग इस वीडियो को अवश्य देख लें और थोड़ी भी शर्म हो, ऐसे लोगों के यहां जिनका कोई दीन-ईमान ही नहीं है, मांसाहार खाना बंद करें। यदि इस वीडियो को भी देखकर किसी को शर्म न आए तो फिर वह जहां चाहे वहां जाकर चुल्लू भर पानी में डूब जाएं।

### भारी बारिश के बाद मणुणी खड्ड में बाढ़, 15 से 20 मजदूर की मौत की आशंका

**धर्मशाला, 25 जून (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में मॉनसून की शुरूआत में ही तांडव देखने को मिला है. कुल्लू के बाद अब कांगड़ा से बड़ी खबर है और यहां पर एक हाईड्रो प्रोजेक्ट के पास खड्ड में फ्लैश फ्लड आने से 15 से 20 मजदूर बह गए हैं। धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने इस बात की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार, धर्मशाला के पास धर्मशाला में इंदिरा प्रियदर्शनी हाइड्ल प्रोजेक्ट, सोकणी दा कोट (खनियारा) में मणुणी खड्ड में पानी का बहाव अचानक बढ़ने से लगभग 15 से 20 मजदूर बह गए। ये सभी खड्ड किनारे बने शेड में रह रहे थे।

## राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर का बुलेटिन कार्यालय पर सर्व समाज के लोगों ने किया स्वागत

**▶▶ बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा को पुष्पांजलि भेंट कर समाचार पत्र के 53 वर्ष के इतिहास पर चर्चा**

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** ऊर्जा एवं वैकल्पिक ऊर्जा विभाग में बतौर राज्य मंत्री एवं मुजफ्फरनगर जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर बुधवार की शाम मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पर पहुंचे जहां सर्वसमाज के लोगों ने मिलकर उनका जोशीले अंदाज में स्वागत किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री द्वारा सर्वप्रथम बुलेटिन संस्थापक स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी, तत्पश्चात बुलेटिन कार्यालय पर आए सर्वसमाज के लोगों ने उनका पटका पहनाकर स्वागत किया। बुलेटिन सम्पादक ने उनके आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बताया कि पूरे देश में स्थानीय समाचार पत्र वह भी रंगीन यह सिर्फ मुजफ्फरनगर बुलेटिन ही है। उन्होंने बुलेटिन सम्पादक द्वारा ऊर्जा मंत्री से सरकार की चर्चा हुए कहा कि वास्तव में प्रदेश सरकार ने पूरे जनपद में विद्युत व्यवस्था वर्ष 2017 के बाद से काफी बेहतर की है, जिसका श्रेय सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ही जाता है। बुलेटिन सम्पादक द्वारा इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी का भी पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सर्वसमाज के लोगों में पंजाबी समाज के मुख्य संरक्षक सुखदर्शन सिंह बेदी, चेयरमैन नील कमल पुरी, प्रभारी अशोक बाठला, महासचिव प्रवीण खेड़ा, वरि. उपाध्यक्ष विनोद डाबर, अनिल सोबती, कोषाध्यक्ष कुलभूषण बजाज, रमेश साईं, उद्योगपति भीम कंसल, जैन समाज से पंकज जैन (गांधी टेंट हाऊस), भाजपा नेता अचिंत मित्तल, अभिषेक चौधरी, अधिवक्ता हासानंद शर्मा, अश्वनी रहेजा, गुरूजी अतुल सैनी (ज्योतिषाचार्य), वंश दुआ, अशोक वांसल, एसके बिट्टू आदि मौजूद रहे।





## शुभांशु शुक्ला के संचालन में एक्सिओम-4 मिशन अंतरिक्ष के लिए सफलापूर्वक रवाना

**फ्लोरिडा, 25 जून (वार्ता)** मौसमी और तकनीकी खामियों के कारण कई बार प्रक्षेपण स्थगित रहने के बाद एक्सिओम-4 मिशन आखिरकार बुधवार को अंतरिक्ष के लिए रवाना हो गया। इस मिशन के पायलट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला हैं जो वर्ष 1984 में राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय बन गये हैं। एक्सिओम- 4 मिशन ने फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39 ए से स्थानीय समयानुसार दो बजकर 31 मिनट पर उड़ान भरी। लगभग 28 घंटों की अंतरिक्ष यात्रा पूरी करने के बाद यह मिशन अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़ जाएगा। डॉकिंग समय 26 जून सुबह सात बजे तय किया गया है। एक्सिओम मिशन में चार अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुए हैं जिनमें मिशन पायलट शुक्ला के अलावा मिशन की उड़ान निदेशक नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटस्न,पोलेंड के स्लावोस्ज उज्नान्सकी-विस्नेवस्की और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कूप शामिल हैं। इस मिशन ने फॉल्कन रॉकेट से सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की उड़ान भरी। इसका पहला एबार्ट मोड पूरा हो चुका है और यह दूसरे मोड में प्रवेश कर चुका है। ये सभी चरण प्रक्षेपण के सुरक्षा प्रोटाकॉल हैं। इस

शेष खबर : पृष्ठ-4 पर






### सांसद हरेन्द्र मलिक की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर छवि धूमिल करने का प्रयास

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** सांसद हरेन्द्र मलिक की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया। फर्जी फेसबुक आईडी से सांसद के खिलाफ गलत टिप्पणी व अनर्गल पोस्ट की गयी हैं। इस पर सांसद हरेन्द्र मलिक की तहरीर पर शहर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उक्त मामले में पुलिस साइबर क्राइम पुलिस की सहायता ले रही है। आपको बता दें कि वर्ष 2024 में सपा के वरिष्ठ नेता हरेन्द्र मालिक ने भाजपा के केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान को लोकसभा चुनाव में हराकर जीत हासिल की थी। सपा सांसद तभी से सोशल मीडिया के निशाने पर आ गए। कई बार सपा सांसद को सोशल मीडिया पर घेरने के प्रयास किए गए, लेकिन उन्होंने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, लेकिन अब सपा सांसद हरेन्द्र मलिक की फर्जी फेसबुक आईडी माई एमपी मुजफ्फरनगर से नाम से तैयार कर उस पर अनर्गल पोस्ट की जा रही है, जिससे उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। लगातार अनर्गल पोस्ट होने पर सपा सांसद ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाना पुलिस से की थी। इस मामले में सपा सांसद की तहरीर पर शहर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### ट्रैफिक पुलिस के हैड कांस्टेबिल पर चढ़ाई कार, पैर की हड्डी टूटी

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** शामली ट्रैफिक पुलिस में तैनात हैड कांस्टेबिल को एक युवक ने कार चढ़ाकर मारने का प्रयास किया, जिससे हैड कांस्टेबिल का एक पैर बुरी तरह से घायल हो गया। नई मंडी कोतवाली में हैड कांस्टेबिल गुलशन चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसने पचैंडा रोड पर अपनी जमीन पर दो साल पूर्व कृष्णा सर्विस स्टेशन खोला था, जिस पर पहाड़पुरा, थाना मवाना, जनपद मेरठ के रहने वाले मोहित को काम पर रखा गया था। आरोपी मोहित हैड कांस्टेबिल के गांव का ही निवासी है। काम ठीक न करने पर उसने मोहित को हटा दिया और उसके स्थान पर कपिल को रख लिया था। दो दिन पूर्व हैड कांस्टेबिल अपने सर्विस स्टेशन पर बैठा हुआ था, तभी वहां मोहित पहुंचा और दोनों के बीच कहासुनी होने पर आरोपी मोहित ने हैड कास्टेबिल अपनी कार चढ़ा दी, जिससे उसके पैर की हड्डी टूट गयी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## 4 दिन की मशक्कत के बाद मासूम अवि का शव मिला

**पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया**

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** चार दिन पहले नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरनगर में बारिश के तेज बहाव में पानी में बहे तीन साल के मासूम अवि का शव बुधवार को तालाब से मिल गया। अवि का शव पूरी तरह फूला हुआ था। शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

आपको बता दें कि रविवार को सुबह तेज बारिश होने से गांव शेरनगर निवासी राहुल प्रजापति का तीन साल का बेटा अवि नहाते हुए पैर फिसलने से पानी के तेज बहाव में बह गया। नाले में पानी का बहाव तेज होने के कारण अवि का कोई पता नहीं चल सका। उक्त नाला मात्र 100 मीटर की दूरी पर जाकर तलाब में खुलता है। अवि के पानी में बहने से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस व प्रशासन ने बच्चे को तलाशने के लिए फ्लड टीम व गोताखोर की टीम को मौके पर बुलाया था। पिछले चार दिनों से लगातार बच्चे की तलाश की जा रही थी। मंगलवार को पीएसी की यूनिट वापस लौट गयी थी। पुलिस ने मछुआरों को बच्चे की तलाश में लगाया था। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि बुधवार को पानी में डूबे तीन साल के अवि का शव मिल गया है। पानी में डूबने के कारण पूरी तरह फूला हुआ है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। वहीं बच्चे के शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।



## नशे में असंतुलित होकर नाले में गिरे व्यक्ति की मौत

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के प्रकाश चौक पर सर्विस क्लब के सामने बनी पुलिया पर एक व्यक्ति का शव नाले से बरामद हुआ है। शिनाख्त होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

बुधवार को थाना सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि प्रकाश चौक पर सर्विस क्लब के सामने एक व्यक्ति का शव नाले में पड़ा हुआ है। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाया। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के अनुसार उसकी शिनाख्त ऋषिपाल निवासी गांव वहलना के रूप में हुई। थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था। सर्विस क्लब के सामने बनी पुलिया पर वह बैठा हुआ था। अत्यधिक शराब के नशे में असंतुलित होने के कारण वह नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।



### हिमाचल के कुल्लू में दो जगह बादल फटा, पुल बहा

**नई दिल्ली, 25 जून (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में बुधवार को दो जगह बादल फटा। सैंज घाटी में जीवा नाला उफान पर आ गया और मणिकर्ण के ब्रम्हगंगा में बादल फटने से यहां के नदी-नालों का जल स्तर अचानक से बढ़ गया। उत्तराखंड के हल्द्वानी में बुधवार सुबह एक कार नहर में गिर गई। 7 लोगों में 4 की मौत हो गई। इनमें तीन दिन का बच्चा भी शामिल है। जम्मू में मंगलवार रात हुई भारी बारिश के चलते तवी नदी उफान पर है। इसमें एक शख्स फंस गया। रऊफ्रक्के लोगों ने सीढ़ी के सहारे उसका रेस्क्यू किया। गुजरात के सूरत का अधिकांश हिस्सा बाढ़ की चपेट में है। कई सोसाइटी में पानी भर गया। लोगों को ट्रैक्टर के जरिए रेस्क्यू किया गया। परवत पाटिया इलाके में 5 फीट से ज्यादा पानी भरा हुआ है। यहां बीमार बुजुर्ग को स्ट्रेचर पर लिटाकर पानी से निकालकर एम्बुलेंस तक ले जाया गया। कुल्लू के सैंज में जीवा नाले में लोडिंग गाड़ी बह गई। बादल फटने के बाद जीवा नाला में कई टन मलबा पानी में बहा।

## सड़क हादसे में हुई युवक की मौत, गांव में मातम

**बुढ़ाना, 25 जून (बु.)।** एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी, जिसको लेकर परिजनों में चीख पुकार मच गयी। शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव बिटावदा निवासी लगभग 24 वर्षीय आदेश सहरावत पुत्र कृष्ण पाल सिंह सहरावत बीते दिन मोटर साइकिल पर सवार होकर घूमने के लिए अकेले ही जनपद बागपत में स्थित धार्मिक स्थान पुरा महादेव गया हुआ था। जब वह वहां से घूमकर विगत रात्रि अकेला ही मोटर साइकिल पर सवार होकर अपने गांव बिटावदा लौट रहा था तो पुरा महादेव के समीप एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने आदेश की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और वाहन सहित फरार हो गया। उधर टक्कर लगते ही आदेश की मौके पर ही मौत हो गयी। आते-जाते राहगीरों की सूचना पर बागपत पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव की शिनाख्त मोबाइल के आधार पर करते हुए घटना की सूचना उसके परिजनों को दी, तब परिजन मौके पर रोते बिलखते हुए पहुंचे। पुलिस ने आदेश सहरावत के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी थी। वहीं मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद बीती मंगलवार के दिन उसके गांव बिटावदा पहुंचा। जहां पर सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में आदेश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना को लेकर परिजनों में चीख-पुकार मची है, वहीं गांव में शोक व्याप्त है।





# मुख्यमंत्री से मांगी पुरकाजी में मंत्री अनिल कुमार ने तहसील

## - सोलानी नदी पर बांध निर्माण को लेकर किया विचार मंथन
## - पचेंडा रोड के चौड़ीकरण को मांगा मुख्यमंत्री से बजट सहयोग



**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार ने बुधवार को लखनऊ में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए विभागीय कार्यों की प्रगति और समीक्षा के साथ अपनी विधानसभा पुरकाजी में चल रही कुछ कार्य योजनाओं और समस्याओं के साथ ही क्षेत्रीय जनता की मांगों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पुरकाजी में तहसील बनाने की मांग करते हुए क्षेत्र की दशकों पुरानी मांग में सोलानी नदी पर स्वीकृत हुए बांध के निर्माण में आ रही वित्तीय बाधाओं को जल्द दूर करने का आग्रह भी किया। यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं पुरकाजी से रालोद विधायक अनिल कुमार ने बुधवार को पांच कालीदास मार्ग लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने बताया कि उनके द्वारा अपने विभाग के अन्तर्गत चल रहे कार्यों और परियोजनाओं की प्रगति के साथ ही अब तक के कार्यों की समीक्षा को लेकर चर्चा करने के साथ ही उन्होंने अपनी विधानसभा पुरकाजी क्षेत्र की कुछ समस्याओं, विकास कार्ययोजना और परियोजनाओं को लेकर अपनी बात मुख्यमंत्री के सामने रखी। मंत्री ने कहा कि इस मुलाकात के दौरान उन्होंने सोलानी नदी पर बांध निर्माण के साथ पचेंडा रोड के चौड़ीकरण के मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस बांध का निर्माण केन्द्र और यूपी सरकार के संयुक्त प्रोजेक्ट के रूप में हो रहा है, जिसमें करीब 115 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट में केंद्र एवं यूपी सरकार बराबर की हिस्सेदार हैं। यूपी सरकार ने अपने स्वीकृत बजट से करीब 37 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी है, लेकिन केन्द्रांश जारी नहीं होने से बांध निर्माण का कार्य रूका है। इसके लिए केन्द्रीय मंत्री से भी वार्ता की गई और सीएम योगी से भी मिलकर केन्द्र से जल्द बजट जारी कराने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी मामलों में मुख्यमंत्री ने जल्द ही कार्यवाही कराये जाने का आश्वासन दिया है।



# प्रभारी मंत्री ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

## - प्रभारी मंत्री ने किया रमेश साईं को लोकतंत्र सेनानी के रूप में सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** बुधवार में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर जीआईसी के सभागार में प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर की अध्यक्षता में आपातकाल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोकतंत्र सेनानियों को शॉल भेंट कर एवं फूलमाला पहनाते हुए उनका अभिनंदन किया गया। राज्य मंत्री ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा विभाग डॉ. सोमेंद्र तोमर ने सामूहिक हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर करने के साथ सभागार में लगी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मंत्री ने चित्र प्रदर्शनी की सराहना की। इस दौरान आपातकाल संबंधित लघु फिल्म भी प्रसारित की गई। प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि संविधान की रक्षा हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोकतांत्रिक व संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता जतायी। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी धर्मवीर बालियान पूर्व मंत्री, ज्ञान कुमार एडवोकेट, श्रीराम तोमर, हरवीर बालियान, डॉ. मुस्तफा, मौ. जिकरिया, मौ. इलयास खां, मौ. शाहिद, मनीषा, अफजाल, मौ. जफरयाब, कलावती, रमेश साईं, बदलू आदि को मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी एवं डीएम उमेश मिश्रा द्वारा शॉल भेंट कर एवं फूल माला पहनाकर अभिनंदन करते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देश भूषण, एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, एसडीएम संजय सिंह, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़, बीएसए संदीप कुमार, डीआईओएस राजेश श्रीवास व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ. राजीव कुमार द्वारा किया गया।





# कांवड़ की तैयारियों को लेकर सड़कों पर उतरी चेयरपर्सन

## - बझेड़ी अंडरपास से शिवचौक तक जाना हाल, लगाई फटकार - टूटी सड़कों, पथ प्रकाश व फव्वारा संचालन को अफसरों को दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** बुधवार में नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप अधिकारियों व सभासदों के साथ कांवड़ मार्ग की तैयारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए औचक निरीक्षण पर निकली। इस दौरान कई स्थानों पर सड़क में गड्ढे, स्ट्रीट लाइट के बंद मिलने और अस्पताल चौराहे का फव्वारा नहीं चलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उत्तर भारत की सबसे बड़ी धार्मिक यात्राओं में शुमार कांवड़ यात्रा मेले की दस्तक के बीच क्षेत्र में शुरू तैयारियों के चलते बुधवार को पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने अधिकारियों और सभासदों की टीम के साथ कांवड़ मार्ग का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने शिवचौक स्थित कांवड़ कंट्रोल रूम से निरीक्षण की शुरूआत करते हुए जिला अस्पताल चौराहा होते हुए बझेड़ी अंडरपास तक जारी रहा। इस बीच चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कांवड़ यात्रा मार्ग में मिली अव्यवस्थाओं और खामियों पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल की आपूर्ति, शौचालयों की व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं पथ प्रकाश व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने के लिए सख्त नसीहत दी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान लोगों से संवाद करते हुए कांवड़ मार्ग की जरुरत व समस्या जानने का भी प्रयास किया। अहिल्याबाई होल्कर चौराहे पर फव्वारा बंद मिलने पर उन्होंने जेई जलकल जितेन्द्र सैनी को उसको अस्थाई तौर पर चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने इस बीच सड़क पर हो रहे जलभराव, सड़कों में गड्ढों की समस्या को ठीक करने पर जोर दिया। निरीक्षण में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह द्वारा चेयरपर्सन को बझेडी अंडरपास तक पालिका द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस दौरान सभासद कुसुमलता पाल, रजत धीमान, अमित पटपटिया, शोभित गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही, जेई निर्माण कपिल कुमार, राजीव सोनकर, जेई जलकल जितेन्द्र सैनी, एसएफआई प्लाक्षा मैनवाल, वैशाली सोती, राजस्व निरीक्षक अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि सावन माह में लाखों शिवभक्त नगर से होकर गुजरते हैं। ऐसे में हमारी प्राथमिकता है कि उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के बीच जो भी कमियां आज देखने को मिली हैं, उन्हें 48 घंटे में दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। इसके बाद फिर से निरीक्षण किया जायेगा, यदि लापरवाही मिली तो गंभीर कार्यवाही से हम पीछे नहीं हटेंगे।

# चयनित खिलाड़ियों का किया माल्यार्पण करते हुए स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में किक बॉक्सिंग खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर तमाम खिलाड़ियों को माला पहनाकर उनको सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में चयनित हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भी किया। कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर डीएम उमेश मिश्रा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वास्तव में ही उच्च स्तर पर प्रदर्शन के लिए कड़ी मेहनत व कठिन परिश्रम जरूरी है, आप प्रयास कर राष्ट्रीय ही नहीं वरन विश्व स्तर पर तिरंगा लहराए, हम सदैव आपके साथ है। इस दौरान मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित खिलाड़ियों में सीनियर वर्ग में राखी सूर्यदेव, पिंकी सूर्यदेव व कन्हैया प्रह्लाद सैनी 16 से 20 जुलाई 2025 में रायपुर (छत्तीसगढ़) में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे, वहीं सब जूनियर वर्ग में शगुन, शिवाजी, सात्विक मलिक, अवन्या, पुष्पराज चौधरी, मानवी एवं तेजस ये सभी खिलाड़ी आगामी 20 से 24 अगस्त, 2025 तक तमिलनाडु में अपने दमखम का प्रदर्शन करेंगे व जूनियर वर्ग में उज्जवल, रिहान अहमद 10 से 14 सितंबर 2025 में होने वाली राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में अपना उच्च प्रदर्शन कर अपने जिले व राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करेंगे। इस दौरान किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोच मनोज कुमार को भी सम्मानित करते हुए डीएम उमेश मिश्रा ने बधाई दी।

# सब-रजिस्ट्रार दफ्तर में भूमि, प्लाट-मकान रजिस्ट्री पर कमीशन राशि हो बंद: अशोक बालियान

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** पीजेंट एसो. के चेयरमैन अशोक बालियान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए उत्तर प्रदेश में सब-रजिस्ट्रार आफिस में भूमि, प्लाट व मकान आदि की रजिस्ट्री पर 2 से 3 प्रतिशत कमीशन राशि के तौर पर लेने के शिकायत होने का दावा करते हुए इसे बंद कराए जाने की मांग की है। तहसील में रजिस्ट्री पर कमीशन राशि रजिस्ट्री करवाने वाले लेखकों के माध्यम से तय होने उनके माध्यम से लेने की बात की। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री पर रिश्वत का खेल बड़े पैमाने पर लंबे समय से हो रहा है। जब कोई व्यक्ति भूमि, प्लाट व मकान आदि की रजिस्ट्री कराने के लिए तहसील में जाता है, तो उसे वहां रजिस्ट्री लेखक रजिस्ट्री लिखने के लिए रजिस्ट्री के खर्च में स्टांप फीस, लिखाई फीस को जोड़ने के बाद रजिस्ट्री आफिस का 2 से 3 प्रतिशत कमीशन लिए जाने की बात बताता है। अशोक बालियान ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति रजिस्ट्री आफिस के कमीशन पर सवाल करता है, तो उसे जवाब मिलता है कि यह अंदर की फीस है और आपको कमीशन नहीं देना है, तो सीधे संपर्क करना पड़ेगा। अगर व्यक्ति सीधा जाता है तो उसकी रजिस्ट्री के कागजातों में कोई न कोई कमी निकाल दी जाती है, वहीं रजिस्ट्री पेपर्स को राजस्व विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करते समय या सब रजिस्ट्रार के समक्ष रजिस्ट्री प्रस्तुत करते समय कोई गलती मिलती है, तो उसे भी सुधारने का अवसर स्पष्ट होना चाहिए। यदि रजिस्ट्री दस्तावेजों में सुधार की जरूरत होगी, तो इसके बारे में पहले ही मोबाइल संदेश के जरिए सूचित किया जाने की सुविधा व जानकारी भी स्पष्ट होनी चाहिए, ताकि रजिस्ट्री के समय कोई परेशानी न आए। साथ ही इस मामले में दोषी कर्मियों व अन्य के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सके।

# करंट की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मृत्यु

रायसेन, 25 जून (वार्ता)। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में करंट की चपेट में आने से तीन मजदूरों की आज मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सिलवानी ब्लॉक के बम्होरी थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया कला में छत डालने के दौरान लिफ्ट मशीन को धक्का लगा रहे मजदूरों को करंट लगने से तीन की मौत हो गई जबकि, चार घायल हैं। मकान की छत ढलाई करने के बाद लिफ्ट मशीन को हटाने के लिए धक्का मारने के दौरान बिजली की लाइन से करंट लगने से अफरा तफरी मच गई। पुलिस सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची। घायलों को सिविल हॉस्पिटल पहुंचाया गया। एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया छत ढलाई के बाद लिफ्ट मशीन को हटाने के दौरान घटना घटी है। जिसमें तीन की मौत और चार मजदूर घायल हुए। पुलिस घटना जांच कर रही है। पड़रिया कला में जमनाप्रसाद कहार के पक्के घर में छत डालने के बाद मसाला बनाने वाली लिफ्ट मशीन को निकालते समय बिजली मशीन को धक्का लगाने वाले 7 लोगों को बिजली करंट लग गया।

# सत्ता बचाने को देश में लगाया था कांग्रेस ने आपातकाल: राजेन्द्र अग्रवाल

## - कांग्रेस ने किया लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को रौंदने का काम: सोमेन्द्र तोमर




**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** मेरठ संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस नें सत्ता बचाने के लिए करीब 50 वर्ष पूर्व आपातकाल लगाया था, जिसे बाद में देश की जनता ने आम चुनाव में वोटों के जरिए उक्त वक्त सरकार के फैसले को नकारते हुए सत्ता से बेदखल कर दिया था। भाजपा के पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल बुधवार सायं चार बजे गांधीनगर स्थित भाजपा कार्यालय में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल को लेकर मीडिया से वार्ता कर रहे थे। देश में आपातकाल को लेकर 50 वर्ष पूरे होने पर भाजपा द्वारा आपातकाल को लोकतंत्र पर कुठाराघात बताते हुए उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों व संवैधानिक व्यवस्थाओं पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उस वक्त 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर देश पर आपातकाल को थोप दिया था, यह सब उस वक्त केन्द्र की सरकार बचाने के लिए किया गया था, जबकि उस वक्त पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को इस्तीफा देना चाहिए था। जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उस वक्त के आपातकाल जैसे काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदने का कार्य किया, अपितु देश की न्यायपालिका की निष्पक्षता के साथ ही नागरिकों के मौलिक अधिकारों को भी कुचल कर रख दिया था। उन्होंने कहा कि आज आपातकाल के 50 वर्षों के बाद भी जो लोग इसकी जद में आए, उन आंदोलनकारियों के साहस एवं संघर्ष को याद करते हुए लोगों के तन में सिहरन सी दौड़ जाती है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता अचिंत मित्तल व अभिषेक चौधरी आदि मौजूद रहे।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 25 जून, (बु.)।**
मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 98300 | चांदी- | 106300 |
| सिक्का- | 1130 | गिन्नी- | 73230 |

## आपका आज का राशिफल

### बृहस्पतिवार, 26 जून, 2025

**मेष-** समय आशा के विपरीत, मानसिक अशांति, पारिवारिक कष्ट, धनहानि, मित्रों-सुपरिचितों से असहयोग, आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति, व्यर्थ भ्रमण।

**वृषभ-** अधूरे कार्यों की पूर्ति, व्यापार में धन निवेश, सामाजिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, आकस्मिक लाभ का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण।

**मिथुन-** ग्रहस्थिति अनुकूल, समस्या के समाधान का मार्ग प्रशस्त, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन की ओर रुचि, आनन्द।

**कर्क-** लाभ का मार्ग प्रशस्त, विरोधी का षड्यन्त्र विफल, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, मनोनुकूल कार्यों में अनुकूलता, परिवारिक जीवन आनन्दमय, धर्म आस्था।

**सिंह-** स्वास्थ्य के प्रति चिन्ता, संकल्प-विकल्प से हानि, परिवार में किसी सदस्य के अवस्थ होने की मानसिक बेचैनी, नवसमस्याएं उत्पन्न, भौतिक सुख में कमी।

**कन्या-** दिनचर्या व्यवस्थित, व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, वाद-विवाद का समापन, सुसंदेश की प्राप्ति, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, भौतिक सुख के साधन सुलभ।

**तुला-** सामयिक कार्यों में सफलता, अर्थपक्ष में सफलता की स्थिति, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, आय के नवीन साधन उपलब्ध, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, यात्रा सफल।

**वृश्चिक-** दिनचर्या व्यवस्थित, शुभ भावनाओं का उदय, आत्मिक शांति, जीवन साथी से सामंजस्य, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, प्रतियोगिता में सफलता, वातावरण सुखद।

**धनु-** ग्रहस्थिति विपरीत, आशानुकूल सफलता में विलम्ब, धर्म के प्रति अरुचि, उलझनें प्रभावी, शत्रु सक्रिय, राजकीय पक्ष से कष्ट, कार्यक्षमता में कमी का अहसास।

**मकर-** कार्य-व्यवसाय में सफलता, कर्ज की अदायगी, आकस्मिक लाभ का सुयोग, आपसी सलाह से कामयाबी, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, सुख के साधन सुलभ।

**कुम्भ-** भाग्योन्नति हेतु प्रयास, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, जीवन साथी से सामंजस्य, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, धन संचय में प्रवृत्ति, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न।

**मीन-** व्यापारिक उन्नति, परोपकार की भावना जागृत, व्यक्तित्व का विकास, समस्याओं का पूर्ण समाधान, भोग-विलासिता की ओर रुझान, मनोरंजन रुचि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722






# लायंस क्लब प्रयाग का अवार्ड फंक्शन धूमधाम से आयोजित हुआ

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बुस.)।** सर्कुलर रोड स्थित स्वर्ण इन होटल के सभागार में लायंस क्लब मुजफ्फरनगर प्रयाग का अवार्ड फंक्शन धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रख्यात बाल लोग विशेषज्ञ डॉ. गिरीश कुमार ने बोलते हुए कहा कि लायंस क्लब भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यों को वृहद स्तर पर संपादित करता आ रहा है, जो कि बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान 2024-25 की संपूर्ण कार्यकारिणी एवं सदस्यों को उनके सेवा कार्यों एवं योगदान के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं क्लब अध्यक्ष लायन अजय भारती को एवं उनकी टीम को 2024 25 के दौरान उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों को आयोजित कराने के लिए क्लब की ओर से सम्मानित किया गया। क्लब के संरक्षक लायन लावण्या पुरी एवं लायन कमल गोयल को शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर उनके सहयोग एवं उत्कृष्ट दिशा निर्देशन के लिए सम्मानित किया गया, वहीं जॉन चेयरपर्सन लायन डॉ. विवेक कुमार को " लायन ऑफ द ईयर" अवार्ड से नवाजा गया। तत्पश्चात क्लब के सभी सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अवॉर्ड फंक्शन के दौरान विभिन्न सदस्यों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी प्रस्तुतियों को पुरस्कृत किया गया। वैवाहिक वर्षगांठ एवं जन्मदिन के उपहार भी वितरित किए गए। सभा के उपरांत सभी सदस्यों ने चटपटी चाट एवं लजीज भोजन का आनंद लिया।

# एम.जी. पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा पर शिक्षकों के लिए कार्यशाला आयोजित



**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बुस.)।** शिक्षा जगत में डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रयोग और उससे जुड़े संभावित खतरों को देखते हुए एम.जी. पब्लिक स्कूल में बुधवार को एक दिवसीय साइबर सुरक्षा एवं बचाव विषय पर सीबीएसई सीओई देहरादून के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) में विद्यालय के प्राइमरी एवं मिडिल विंग के सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने की। इससे पूर्व उनके द्वारा सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन के रूप में विद्यालय प्रांगण में पधारी प्रेरणा चौधरी और टीकम सिंह का स्वागत किया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन प्रेरणा चौधरी एवं टीकम सिंह द्वारा अपने अनुभवों के माध्यम से शिक्षकों को न केवल साइबर खतरों की पहचान और उनसे बचाव के उपाय बताए गए, बल्कि यह भी समझाया गया कि डिजिटल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग कैसे किया जाए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में एक शिक्षक का डिजिटल रूप से सशक्त और जागरूक होना बेहद आवश्यक है। सत्र के दौरान डेटा गोपनीयता, पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग अटैक, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन व्यवहार के शिष्टाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही, इंटरेक्टिव सत्रों के माध्यम से शिक्षकों को व्यावहारिक उदाहरणों के जरिये संस्थागत और व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा के लिए प्रभावी उपायों, साइबर अपराधों की पहचान, और बच्चों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रखने के तरीकों की जानकारी दी। प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल युग की चुनौतियों से निपटने के लिए सशक्त बनाना और उन्हें छात्रों को भी साइबर अपराधों से सतर्क रहने के लिए प्रशिक्षित करने योग्य बनाना था। कार्यशाला के अंत में प्रधानाचार्या मोनिका गर्ग ने दोनों अतिथि वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यशाला की सफलता में विद्यालय के समस्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं तथा स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा।





बुलेटिन कार्यालय पर कुछ इस तरह से हुआ ऊर्जा मंत्री सोमेन्द्र तोमर व जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी का स्वागत। -फोटो बुलेटिन





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

**सम्पादक-अंकुर दुआ**
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## अमेरिकी फाइटर एफ-35 केरल में

अमेरिका में बना उसका महंगा और कई विशेषताओं वाला लड़ाकू विमान एफ-35 बीमार होकर केरल के तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़ा है। 14 जून से यह उड़ नहीं पा रहा है। इससे इसकी विशेषताओं पर सन्देह होने लगा है। इससे अमेरिका की क्वालिटी पर भी बट्टा लग रहा है। कहा जाता है कि यह रडार की पकड़ में नहीं आता, लेकिन भारत के रडार ने इसे पकड़ लिया। यह बना तो अमेरिका में है, अभी ब्रिटेन के पास है। ब्रिटेन भी सोच रहा होगा कि मैंने ये क्या खरीद लिया, जो देश इसे खरीदने की सोच रहे होंगे, वे अपनी योजना पर पुनः विचार कर रहे होंगे। अमेरिका इस विमान की खरीद का भारत पर भी दबाव बना रहा था। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के अमेरिकी दौरे पर सबसे ज्यादा चर्चा इसी एफ-35 फाइटर जेट को लेकर हुई थी। एक मुलाकात के बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रम्प ने कहा था कि हम भारत के साथ हथियारों की बिक्री बढ़ा रहे हैं और आखिरकार एफ-35 लड़ाकू विमान की डील का रास्ता भी बना रहे हैं, लेकिन भारत की तरफ से कोई बात नहीं हुई, जो विमान केरल में खड़ा है, वह स्टील्थ विमान ब्रिटेन के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। यह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में काम कर रहा था और हाल ही में इसने भारतीय नौसेना के साथ संयुक्त समुद्री अभ्यास पूरा किया। एफ-35 समुद्र की खराब स्थिति के कारण लगभग 100 समुद्री मील दूर अपने कैरियर पर वापस नहीं लौट सका। परिणामस्वरूप इसने तिरुवनंतपुरम में लैंडिंग की परमिशन मांगी थी। एफ-35 अमेरिका का 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है। इसे लॉकहीड मार्टिन कंपनी ने डेवलप किया है। इस प्लेन को 2006 से बनाना शुरू किया गया था। 2015 से यह अमेरिकी वायुसेना में शामिल है। ये पेंटागन के इतिहास का सबसे महंगा विमान है। अमेरिका एक एफ-35 फाइटर प्लेन पर औसतन 82.5 मिलियन डॉलर करीब 715 करोड़ रुपए खर्च करता है। केरल में खड़े एफ-35 विमान की तकनीकी खामी का अब तक पता नहीं चल पाया है। शुरू में ईंधन की कमी की बात कही गई थी और बाद में विमान में रिफ्यूलिंग भी कर दी गई। अब इसमें हाइड्रोलिक फेल्योर को उड़ान न भर पाने की वजह बताया जा रहा है, जब तक विमान पूरी तरह से ठीक नहीं हो जाता, तब तक उसे उड़ाना सुरक्षा के लिहाज से ठीक नहीं माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना ने कहा है कि वह इस बारे में पूरी तरह से अवगत है और उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को लैंडिंग की सुविधा प्रदान की। तिरुवनंतपुरम में एफ-35 का कोई बेस नहीं है। ऐसे अत्याधुनिक विमानों के लिए स्पेशलिस्ट इंजीनियर और विशेष उपकरणों की आवश्यकता होती है, तभी किसी भी तकनीकी खामी को दूर किया जा सकता है। इसीलिए भारत ने ब्रिटेन को हैंगर का ऑफर दिया था, जिसे ब्रिटेन ने मना कर दिया है। ब्रिटेन को डर है कि एयर इंडिया के हैंगर में रखने से कहीं इसके पार्ट्स और तकनीक लीक न हो जाए। आम तौर पर, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश अपने ऐसे गेम चेंजर' विमानों को किसी तीसरे देश में नहीं छोड़ते। उनका सबसे बड़ा डर होता है कि कहीं एफ-35 की तकनीक लीक न हो जाए। इससे भी बड़ी बात ये है कि इस विमान को लेकर दावा किया जाता है कि इसे राडार पकड़ नहीं पाते। बावजूद इसके,भारतीय वायुसेना की इंटीग्रेटेड एयर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम ने एफ-35 को डिटेक्ट कर लिया था। यह भारतीय सुरक्षा प्रणाली की शक्ति को दर्शाता है। ब्रिटेन इससे भी डर गया है। यह विमान केरल में खड़े-खड़े ब्रिटेन और अमेरिका की किरकिरी करवा रहा है। इसी साल 28 जनवरी को अलास्का के ईल्सन यूएस एयरफोर्स बेस पर एक एफ-35 लड़ाकू विमान प्रशिक्षण सत्र के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना ने एक बार फिर इस विवादित विमान की सुरक्षा, विश्वसनीयता और परिचालन क्षमता पर सवाल खड़े कर दिए थे। बस अच्छी बात यह रही है कि इस मामले में पायलट उड़ान के दौरान खराबी का अंदाजा लगते ही सुरक्षित रूप से बाहर निकल गया। कई रिपोर्ट बताती हैं कि एफ-35 विमानों में समस्याएं विमान की जटिलता के कारण हैं। एफ-35 बहुत अधिक मात्रा में डेटा प्रोसेस करता है, जो पायलटों के लिए बहुत ज्यादा परेशानी भरा हो सकता है। इसके अलावा, इसके कई महत्वपूर्ण सिस्टम में अक्सर खराबी आ जाती है। मई 2020 में एक एफ-35 विमान एग्लिन एयर फोर्स बेस पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। पिछले साल नवंबर ही में एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में वीडियो अपलोड किया था, जिसमें सैकड़ों छोटे ड्रोन एक साथ दिखाई दे रहे थे। उस वक़्त ही उन्होंने कहा था कि कुछ बेवकूफ अभी भी एफ-35 जैसे मानवयुक्त लड़ाकू जेट बना रहे हैं। ड्रोन के युग में मानवयुक्त लड़ाकू जेट वैसे भी अप्रचलित हो चुके हैं। इससे सिर्फ पायलट ही मारे जाएंगे। पायलटों वाले फाइटर जेट मिसाइलों की रेंज बढ़ाने या बम गिराने का यह एक अक्षम तरीका हैं। वहीं, एक ड्रोन बिना मानव पायलट के यह काम कर सकता है। अब ब्रिटेन चाहता है कि केरल में खड़े उसके एफ-35 विमान को खुले ही में रखा जाए। इसके साथ ही उसे 24 घंटे कैमरे की निगरानी में रखा जाए, जिससे वो देख सकें कि विमान के साथ कोई छेड़छाड़ तो नहीं की जा रही है। साथ ही विमान के पास सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध रहें। भारत इस तरह की मदद ब्रिटेश नेवी की अभी भी कर रहा है। इस विमान को बनाने वाली कम्पनी कहती है कि एफ-35 एक लड़ाकू विमान से कहीं ज्यादा, ताकत बढ़ाने वाला विमान है। डेटा इकट्ठा करने, उसे प्रोसेस करने और उसे साझा करने की इसकी बेजोड़ क्षमता संयुक्त बलों को सशक्त बनाती है, वैश्विक साझेदारी को मजबूत करती है और पायलटों को उभरते खतरों से आगे रखती है, साथ ही उन्हें सुरक्षित घर लौटने में भी मदद करती है। एफ-35 को अपेक्षाकृत सुरक्षित सैन्य विमान बताया गया है। फिर भी, 2014 से अब तक एक दर्जन से ज्यादा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं या अन्य घटनाओं में शामिल रहे हैं, जिनमें लोगों की मौत हुई है या वे गंभीर रूप से घायल हुए हैं या विमान नष्ट हो गए हैं। कुछ ऑपरेटर की गलती के कारण हुए थे, कुछ अन्य यांत्रिक समस्याओं के कारण, जिनमें से कुछ ने पूरे कार्यक्रम को पीछे धकेल दिया। ताजा घटना इसके केरल में बीमार होकर खड़े हो जाने की है। सुनने में आ रहा है कि अब इसे किसी बड़े विमान में लाद कर ले जाया जाएगा, जब इसे लादा जाएगा तब दुनिया भर के टीवी चैनलों में क्या-क्या नहीं कहा जाएगा, अमेरिका की कम्पनी की साख का क्या होगा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

"कहानी" "जिन्दगी" "रौशनी" "अंधेरा"

एक कहानी चल रही है दूसरी के साथ-साथ।<br>
गम खुशी जैसे हैं दोनों जिन्दगी के साथ-साथ।।<br>
रौशनी को देख लेना, रौशनी तन्हा नहीं,<br>
है अंधेरा भी यहां पर रौशनी के साथ-साथ।

## अब गांधी कॉलोनी वाटिका में 27 जून से लगेगा 3 दिवसीय योग शिविर

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** योगाचार्य गोपाल किशन भार्गव द्वारा मुजफ्फरनगर शहर के गांधी कॉलोनी स्थित गांधी वाटिका के बैंकट हॉल में योग से भगाएं रोग के तहत 3 दिवसीय इंटरनेशनल योगा नेचुरोपैथी एंड योग चिकित्सा कैंप आयोजित करने जा रहे हैं, जिसमें साधकों को योग कराने के साथ ही निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श भी देंगे। ऋषि इंस्टीट्यूट ऑफ योगा एंड आयुर्वेदा ट्रस्ट न्यूजीलैंड और श्री परशुराम योग साधना एंड चिकित्सा संस्था ट्रस्ट इंडिया की ओर से आयोजित होने वाला यह शिविर आगामी 27 जून की सुबह से लेकर 29 जुलाई तक गांधी कॉलोनी में स्थित गांधी वाटिका स्थित बैंकेट हाल में चलेगा। इस शिविर में सुबह 5.30 बजे से सात बजे तक योग और 6.30 बजे तक प्राकृतिक योग से रोग मुक्ति के उपाय भी बताएं जाएंगे, क्योंकि वर्तमान परिवेश में स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है।

## भोलेनाथ के गाने पर अश्लील वीडियो डालकर गांव में माहौल खराब करने का किया प्रयास

**चरथावल, 25 जून (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर मेंएक बार फिर गांव की फिजा खराब करने का किया गया प्रयास गया है। कांवड़ यात्रा शुरू होने से पूर्व ही एक विशेष समुदाय के युवक के द्वारा शिव शंकर भोलेनाथ के गाने पर अश्लील वीडियो डालकर गांव में माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से ग्रामीणों में रोष फैल गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सूचना मिलते ही चरथावल पुलिस मौके पर पहुँची। ग्रामीणों द्वारा ग्राम प्रधान विनोद पुंडीर के नेतृत्व में एकत्रित होकर पुलिस को गांव के युवक काला उर्फ यूसुफ के खिलाफ सोशल मीडिया पर शिव शंकर भोलेनाथ के गाने पर अश्लील वीडियो लगाकर वायरल करने और माहौल खराब करने वाले व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग है।

# रिमझिम बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा, गर्मी से मिली राहत

- आफत की बारिश में टल गया चरथावल थाने में बड़ा हादसा
- निचली बस्तियों में घरों में भरा पानी, पशु भी रहे परेशान
- नगर में 9.8 एमएम बारिश के साथ गिरा 3 डिग्री तापमान



**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के साथ मुजफ्फरनगर जनपद में रविवार के बाद बुधवार को भी मौसम की एकाएक बदली करवट से सुबह से ही आसमान में काली घटाएं छाने, इसके बाद तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश शुरू होने से जिलेभर में जनजीवन पूरी तरह प्रभावित रहा। बदले हालात के बीच शहर मुख्यालय से लेकर गांव-देहात तक बारिश ने मौसम में गरमाहट से तो राहत दी, पर कुछ स्थानों पर ये बारिश आफत लेकर भी आई, जिससे कई घरों में पानी भर जाने और चरथावल में एक मकान की छत गिर जाने से भारी नुकसान हुआ, वहीं शहर से जुड़ी निचली बस्तियों में घरों में पानी भर जाने से लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करने को विवश होते देखा गया। इस बीच 9.8 एमएम बारिश के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की गई।पूर्व वर्षों के मुकाबले इस बार केरल में एक सप्ताह पूर्व मानसून की दस्तक का असर समूचे भारत में दिखाई देने लगा है। उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने आगामी 30 जून तक मौसम का मिजाज ऐसा बने रहने का अनुमान जताया है। बुधवार में पश्चिमी और पूर्वी यूपी में अनेक क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी सही साबित हुई है। इस दौरान दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं पर बादल गरजने व बिजली चमकने और पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं पर अति भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम में शुरू इस बदलाव के बाद अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। गुरूवार 26 जून से पश्चिमी यूपी में लगभग सभी जगहों पर और पूर्वी यूपी में अनेक स्थान पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है, वहीं 28 से 30 जून तक पूरे प्रदेश में व्यापक बारिश के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी किया है। हालांकि अभी दिल्ली-एनसीआर में बारिश वाले बादल कम से कम दो दिनों से घनघोर तरीके से छाए लग रहे हैं, लेकिन बारिश नहीं हो रही। अगर कहीं हुई भी तो बहुत छिटपुट बारिश। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली-एनसीआर में बुधवार में बादल छाए रहने के साथ बारिश का कोई अनुमान नहीं। गुरूवार को सुबह हल्की फुल्की बारिश हो सकती है, अन्यथा बादल छाए रहेंगे और नमी बनी रहेगी। इसके बाद शुक्रवार को जाकर स्थितियां बदल सकती हैं। उधर, बुधवार सुबह से 12 बजे तक जनपद में लगातार तेज बारिश होती रहने के बाद बारिश तो थोड़ी हल्की जरूर हुई, पर उमस एवं घुटन ने लोगों को बेहाल कर दिया। गर्मी व नमी के चलते कई जगह लोग पसीने से तर-बतर नजर आए। जिले में बारिश के चलते बुधवार को चरथावल थाना परिसर में बारिश ने खतरनाक रूप ले लिया जब एक पुराने कमरे की छत का एक हिस्सा भरभराकर धड़ाम से गिर पड़ा। हालांकि गनीमत रही कि अंदर मौजूद पुलिसकर्मी समय रहते बाहर निकल गया और हादसा होने से बच गया। घटना के बाद पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया। इसके अलावा नगरीय क्षेत्र की निचली बस्तियों में घरों में पानी भरने से लोग परेशान से दिखाई दिए।







# देश में आपातकाल की 50वीं बरसी पर संगोष्ठी आयोजित

- मंत्री बोले, 'कांग्रेस ने बेवजह लोगों को जेलों में ठूंसा था' - लोकतंत्र की नींव रखने वालों को भाजपा ने किया सम्मानित



**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस को पुनः स्थापित कर लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी, जो आज संविधान को बचाने की बात करती है, वास्तव में वही पार्टी संविधान को तोड़ने और सत्ता के लालच में देश को नुकसान पहुंचाने का काम कर चुकी है। उन्होंने आह्वान किया कि वे इन लोकतंत्र सेनानियों के अनुभवों से सीखें और समझें कि जिन अधिकारों और स्वतंत्रताओं का वे आज उपभोग कर रहे हैं, उसके पीछे किन लोगों का संघर्ष है। उन्होंने कहा कि यह जरुरी है कि आपातकाल के उस काले अध्याय को आज की पीढ़ी तक पहुंचाया जाए, ताकि उन्हें देश के इस लोकतंत्र की कीमत और संवैधानिक मूल्यों का महत्व पता चल सके। गांधी कॉलोनी गांधी वाटिका के वैंकट हॉल में भाजपा जिला संगठन की ओर से आयोजित किए बलिदान दिवस संगोष्ठी में अधिकांश वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कांग्रेस शासनकाल की बर्बरता का वर्णन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, मेरठ के पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप समेत अन्य सभी अतिथियों ने आपातकाल के 50 वर्ष पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी, पूर्व सांसद राजेन्द्र अग्रवाल, एमएलसी वंदना वर्मा, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, रमेश साईं, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, बैंक चेयरमैन ठा. रामनाथ सिंह, पूर्व विधायक अशोक कंसल, उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा समेत जनपद के लोकतंत्र रक्षक सेनानी एवं भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# मोहर्रम को लेकर रूट चैकिंग में बदहाल मिली मुख्य सड़क

- नगर मजिस्ट्रेट ने मोहर्रम मार्ग का किया स्थलीय निरीक्षण - व्यवस्था दुरूस्त करने के दिए संबंधित अफसरों को निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** उत्तर भारत की सबसे बड़ी धार्मिक यात्राओं में शुमार कांवड़ यात्रा मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी शुरू तैयारियों को अब अंतिम रूप देना प्रारंभ कर दिया है। बुधवार को उक्त व्यवस्था को परखने की खातिर नगर मजिस्ट्रेट पंकज राठौर ने आने वाले मोहर्रम और कांवड़ यात्रा मेले की तैयारियों को परखा और कांवड़ मार्ग के साथ मोहर्रम मार्ग पर व्यवस्था बनाने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। नगर मजिस्ट्रेट ने मोहर्रम रूट चैकिंग के दौरान किदवई- ागर की सड़क बदहाल मिलने, सफाई का अभाव देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और तत्काल पालिका ईओ को व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। बता दें, देशभर में 27 जून से मोहर्रम का पाक महीना शुरू हो रहा है। इसमें शिया सोगवारों द्वारा करबला में हजरत इमाम हुसैन के साथ उनके 72 जांनशीनों की शहादत को याद किया जाता है। साथ ही रोजाना इमाम बारगाहों में मजलिसों, खुतबे और तकरीर का दौर चलता है। मोहर्रम के 10वें दिन रोजे आशुरा पर शिया सोगवार बड़े मातमी जुलूस और ताजियाबंदी करते हैं। शहर के सभी इमाम बारगाहों से मातमपुर्सी करते हुए सोगवार एक बड़े जुलूस के रूप में काली नदी पार स्थित करबला पर पहुंचते हैं। मोहर्रम के जुलूस एवं इमाम बारगाहों में मजलिसों के दौर के लिए व्यवस्था बनाने में जिला प्रशासन जुट गया है। नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर व सीओ सिटी राजू कुमार साव ने पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ में मोहर्रम रूट का निरीक्षण करते हुए समस्याओं को समझा। इस दौरान तलबशाह रोड, किदवई नगर रोड के साथ काली नदी करबला का भी दौरा किया गया। यहां किदवई नगर की मुख्य सड़क का हाल बेहाल नजर आया। इस क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने के नगर मजिस्ट्रेट ने ईओ को तत्काल आदेश दिये। उधर इस सम्बन्ध में पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि मोहर्रम जुलूस रूट के साथ रोजे आशुरा नमाज स्थल और करबला का निरीक्षण किया गया। इस दौरान काली नदी स्थल पर झाड़ियां और गंदगी मिली, जिसे लेकर सीएसएफआई योगेश गोलियान को तत्काल ही सफाई कार्य प्रारंभ कराने और झाड़ियां कटवाने के लिए लगाया गया है, वहीं मौ. किदवई नगर सड़क की करीब 500 मीटर तक की सड़क क्षतिग्रस्त पाये जाने पर तत्काल ही जेई निर्माण कपिल कुमार को मौके पर बुलाकर सड़क निर्माण के लिए व्यायनुमान बनाकर बोर्ड बैठक में प्रस्ताव लाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही तात्कालिक स्तर पर सड़क को गड्ढ मुक्त करने के लिए भी कहा गया। वहीं नाली और नाले में गन्दगी भरी रहने के दौरान नाला गैंग को सफाई के लिए लगाया है। कृष्णापुरी जैन पैठा के पास दो सीवर मैन हॉल खुले पाने पर उनकी बेरिकेडिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मोहर्रम से पूर्व व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सम्बंधित अफसरों की जवाबदेही तय की जाएगी।







अरे साहब... ये बाजार की मैन रोड है कोई तालाब नहीं



जर्जर छत



घरों में घुसा पानी



छत से गिरा मलबा



जगह-जगह हुआ जलभराव

# भारी बरसात के चलते थाना परिसर में बने कमरे की अचानक छत गिरी

**चरथावल, 25 जून (बु.)।** सुबह हुई भारी बरसात के चलते थाना परिसर में बने सिपाही के एक जर्जर कमरे की अचानक छत गिर गयी। पुलिसकर्मी ने भागकर जान बचाई, जबकि उसके साथ के दो कमरों में बरसात का पानी भर गया। दूसरों की सुरक्षा करने वालों के सिर पर सुरक्षित छत भी नहीं है। बुधवार की सुबह हुई मूसलाधार बरसात से जनजीवन अस्त- व्यस्त है। पुलिस के कमरों, चरथावल के प्राथमिक विद्यालय, आधार केंद्र कार्यालय, कृषि बीज भंडार, विकास खण्ड, ब्लाक संसाधन केंद्र, राजीव मार्किट सहित अनेक रास्तों व घरों में बरसात का पानी घुस गया। अधिकतर लोग मूसलाधार बरसात के पानी से अपना बचाव करते दिखे। वहीं बरसात के चलते थाना चरथावल परिसर में पुलिसकर्मी राजेन्द्र कुमार के आवास की छत का एक हिस्सा अचानक भर-भराकर कर गिरने से हड़कंप मच गया। पुलिसकर्मी ने भागकर बचाई जान। सिपाही पुलिस जीप पर चालक बताया गया है। पुराने बने कमरे की छत जर्जर अवस्था में हैं। कभी भी हादसा हो सकता है। बारिश के चलते कई पुलिसकर्मियों के आवास में पानी भर गया।


## सार्वजनिक सूचना

मैं, JC-331694L सूबेदार विपिन कुमार, ग्राम + पोस्ट शोरों, जिला -मुजफ्फरनगर, उ0प्र0, पिन-251318, यूनिट GE 874 EWS C/O 56 APO, घोषणा करता हूँ कि मेरी माता का नाम मेरे सर्विस डॉक्यूमेंट में गलती से चन्द्रा देवी लिखा है, जबकि सही नाम चन्द्रकोर है।

## सार्वजनिक सूचना

मैं, JC-331694L सूबेदार विपिन कुमार, ग्राम + पोस्ट शोरों, जिला -मुजफ्फरनगर, उ0प्र0, पिन-251318, यूनिट GE 874 EWS C/O 56 APO, घोषणा करता हूँ कि मेरे पिता का नाम मेरे सर्विस डॉक्यूमेंट में गलती से जयपाल सिंह लिखा है, जबकि सही नाम जयपाल है।


# भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत, चार घायल

**फगवाड़ा, 25 जून (वार्ता)।** पंजाब में फिल्लौर-नवांशहर उच्च मार्ग पर छिछोवाल गांव के पास बुधवार को एक ऑटोरिक्शा और तेज रफ्तार जाइलो कार के बीच हुई भीषण टक्कर में एक परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई तथा एक बच्चा समेत चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। चश्मदीदों और घायल ऑटोरिक्शा चालक निर्मल सिंह के अनुसार, वह झंडापीर गांव से सवारियों को लेकर फिल्लौर जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। निर्मल सिंह ने बताया कि जैसे ही वह छिछोवाल के पास पहुंचा, फिल्लौर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार जाइलो कार कथित तौर पर गलत लेन में चली गई और ऑटोरिक्शा से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटोरिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार यात्री बुरी तरह उछल गए। स्थानीय समाजसेवी मतविंदर सिंह सोनू, जो अपनी गाड़ी में ऑटोरिक्शा के पीछे चल रहे थे, ने घायलों को तुरंत फिल्लौर के सिविल अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल में डॉक्टरों ने तीन महिलाओं को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान राखी पत्नी अमर चंद, सुनीता पत्नी बलजिंदर कुमार और मंजीत कौर पत्नी कमलजीत सिंह के रूप में हुई है। तीनों महिलाएं कडियाना गांव की रहने वाली थीं। मृतकों में एक ही परिवार की सास और उसकी दो बहुएं शामिल थीं। घायलों में निर्मल सिंह (ऑटोरिक्शा चालक), रंजीत कौर, मुख्तार सिंह और अमर चंद शामिल हैं, जिन्हें फिल्लौर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परी नाम की एक छोटी लड़की के पैर में फ्रैक्चर हो गया और उसे गंभीर चोटों के कारण जालंधर के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। इसी समूह की एक महिला, जो कडियाना गांव की निवासी है, बाल-बाल बच गई, क्योंकि वह टक्कर से कुछ ही देर पहले ऑटोरिक्शा से उतरी थी। दुर्घटना के बाद, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और दुर्घटना के कारण की जांच कर रही है। कार चालक पर लापरवाही और लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है।

## मजीठिया गिरफ्तार, 540 करोड़ से अधिक अवैध संपत्ति का खुलासा

**चंडीगढ़ 25 जून (वार्ता)।** पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने बुधवार को एक ड्रग तस्करी से जुड़े एक मामले में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता और पूर्व मंत्री विक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर तथा चंडीगढ़ आवासों सहित बाहर जगहों पर छापेमारी की एवं इसी बीच ब्यूरो की टीम ने श्री मजीठिया को यहां स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। रिपोर्टों के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) लखबीर सिंह सहित लगभग 10 से 15 अधिकारी ऑपरेशन के हिस्से के रूप में ग्रीन एवेन्यू क्षेत्र में श्री मजीठिया के घर पहुंचे। पंजाब राज्य अपराध पुलिस स्टेशन में दर्ज एक प्राथमिकी की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) और विजिलेंस ब्यूरो की जांच में श्री मजीठिया द्वारा ड्रग मनी के बड़े पैमाने पर धन शोधन का खुलासा हुआ है। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि 540 करोड़ रुपये से अधिक की ड्रग मनी को कई तरीकों से धन शोधन किया गया है, जिनमें श्री मजीठिया द्वारा नियंत्रित कंपनियों के बैंक खातों में जमा की गई 161 करोड़ रुपये की भारी बेहिसाब नकदी, संदिग्ध विदेशी संस्थाओं के माध्यम से 141 करोड़ रुपये का चैनलाइजेशन, कंपनी के वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण/स्पष्टीकरण के बिना 236 करोड़ रुपये का अतिरिक्त जमा और श्री मजीठिया द्वारा बिना किसी वैध आय स्रोत के चल/अचल संपत्ति का अधिग्रहण शामिल है।

# चालीस साल बाद भारत एक बार फिर अंतरिक्ष क्षेत्र में नया अध्याय लिख रहा




**बेंगलुरु ,25 जून (वार्ता)।** आज से चालीस साल पहले रूस की मदद से अंतरिक्ष यात्रा पर गये विंग कमांडर राकेश शर्मा ने सोयुज कैप्सूल से बाहर देखते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से कहा था कि यहां से भारत वाकई 'सारे जहां से अच्छा' दिखता है। आज एक बार फिर भारत उसी अंतरिक्ष कहानी का अगला अध्याय लिखने की तैयारी कर रहा है। लेकिन अब यह कहानी रूस के बजाय अमेरिका की अगुवाई और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के सहयोग से एक अत्याधुनिक निजी मिशन से लिखी जा रही है जिसमें भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक्सिओम -4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अमेरिका के कैनेडी स्पेस सेंटर , फ्लोरिडा से लिए उड़ान भरी हैं। इस मिशन में पायलट शुभांशु के अलावा अमेरिका, हंगरी और पोलैंड से एक -एक अंतरिक्ष यात्री है। भारत के अंतरिक्ष विकास कार्यक्रम पर बारीकी से नजर रखने वाले अनुभवी अंतरिक्ष वैज्ञानिक डाक्टर आर सी कपूर ने 'यूनीवार्ता' के साथ साक्षात्कार में कहा कि इस बार कुछ अलग दास्तान है जो किसी मित्र देश के सहयोग से नहीं बल्कि निजी क्षेत्र के सहयोग से हो रही है। लेकिन आज की यह उड़ान एक और अंतरिक्ष यात्री का अंतरिक्ष में जाना नहीं है, बल्कि यह भारत के वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान के युग में आत्मविश्वास से कदम रखने के बारे में है जो सरकारों और निजी क्षेत्र के सहयोग से रणनीतिक साझेदारी,इंटरनेशनल डॉकिंग प्रोटोकॉल और अंतरिक्ष में नियमित मानव यात्रा के लिए डिज़ाइन की गई प्रणालियों के लिए है। डॉ कपूर ने कहा,''यह अंतर महत्वपूर्ण है क्योंकि राकेश शर्मा जी ने भारतीय और सोवियत संघ के बीच एक सीधे समझौते के तहत उड़ान भरी और वह सहयोग देशों की सरकारों का था लेकिन अब निजी और सरकारी क्षेत्र की भागीदारी का मामला है। अब हम एक बिल्कुल नए चरण को देख रहे हैं। निजी क्षेत्र इस तरह के मिशन में सिर्फ़ भाग हिस्सा ही नहीं ले रहे हैं बल्कि वे मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं और भारत इनमें सीखने के साथ अपनी तरफ से पूरा सहयोग भी कर रहा है।'' गगनयान मिशन में पायलट शुक्ला का चयन 2019 में हुआ था। जब इसरो ने 60 आवेदकों में से 12 का चयन किया था, और अंत में चयनित केवल चार अंतरिक्ष यात्रियों को गगनयान के लिए कठोर प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण पहले रूस में और बाद में बेंगलुरु स्थित मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र में पूरा हुआ था। उन्होंने कहा,'' इस मिशन ने हमें एक्सिओम की कार्यप्रणाली, स्पेसएक्स के प्रोटोकॉल और नासा के साथ कुछ तक पहुंच प्रदान की है। ये वे बिल्डिंग ब्लॉक हैं जिनकी हमें अपने मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि लगभग 28 घंटे की यात्रा के बाद यह मिशन आईएसएस के साथ डॉक करेगा जो एक बहुत ही समयबद्ध, जटिल और छोटी से छोटी गलती को भी माफ न करने वाली प्रक्रिया है। इसमें हर प्रणाली को पूरी तरह से काम करना होता है और तब तक पूरी टीम हाई अलर्ट पर रहेगी।

## रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास फैक्टरी में लगी आग, तीन लोगों की मौत

**नयी दिल्ली 25 जून (वार्ता)** राष्ट्रीय राजधानी के रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास स्थित पॉलीथीन फैक्ट्री में मंगलवार शाम भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गयी और अन्य तीन गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। अग्निशमन



विभाग को इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की 15 गाड़ियां और पुलिस की टीम पहुंची। दमकल विभाग के अधिकारी अशोक कुमार जायसवाल ने कहा, ''हमें कल शाम साढ़े सात बजे आग लगने की सूचना मिली, लेकिन जब हम पहुंचे तो पता चला कि आग वास्तव में करीब एक घंटे पहले लगी थी। तब तक पूरी फैक्टरी जलकर खाक हो गई।'' दमकल अधिकारियों ने बताया कि घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है, लेकिन दूसरी और तीसरी मंजिल पर जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आग पर काबू पाने के बाद भी बिल्डिंग के अंदर से सुबह तक धुआं निकलता रहा। साथ ही हादसे में तीन लोगों की मौत होने और अन्य तीन लोग घायल हुए हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए पहले जेसीबी मशीन की मदद से बिल्डिंग की एक दीवार को तोड़ा गया, जिससे उसके अंदर लगी आग को बुझाने की कोशिश की

## दो बेटियों के पिता ने खुद को तलाकशुदा बताकर महिला से रचाई शादी

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी पीड़िता ने नई मंडी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके बेटे के स्कूल में मीटिंग के दौरान नितिन निवासी देवपुरम से उसकी मुलाकात हुई। पीड़िता के तलाकशुदा होने के कारण आरोपी ने खुद को तलाकशुदा बता दिया। उसके बाद बेटे की काउसंलिंग के बहाने घर पर आना शुरू कर दिया। शादी का प्रस्ताव रखने पर पीड़िता ने अपने परिजनों से बात कर शादी के लिए हां कर दी। पीड़िता ने बताया कि दोनों ने गाजियाबाद जाकर शादी कर ली और एक साथ रहने लगे। आरोप है कि उसके बाद वह शराब पीकर घर आने लगा। एक दिन पीड़िता बिना बताए उसके घर पर पहुंची, तो उसकी पत्नी व दो बेटियां घर पर मिली। आरोप है कि शादीशुदा होने के बारे में बात करने पर आरोपी ने उसके साथ व बच्चों के साथ मारपीट की। आरोपी घर से 1.65 लाख रुपए व लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गया। शिकायत करने पर आरोपी ने उसके साथ अश्लील वीडियो को वायरल करने व बेटे के अपहरण की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# बुलेटिन सम्पादक ने नीशू गौसेवक को पहनाए जूते

### राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर ने कहा- सुधी श्रीवास्तव की हो चुकी विदाई, सूची में नाम आना बाकी

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** रविवार को बुलेटिन कार्यालय पहुंचे ऊर्जा मंत्री सोमेन्द्र तोमर के समक्ष नीशू गौसेवक को बुलेटिन सम्पादक द्वारा जूते पहनाए गए। आपको बता दें कि लगभग 40 दिन पहले पशु चिकित्सा अधिकारी सुधी श्रीवास्तव ने भाजपाईयों को गाली देते हुए यह कहा था कि ये साले भाजपाई, इन्होंने कभी कोई गौसेवा की भी है, ऐसे में मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा उक्त समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था, जिसके बाद लगातार निस्वार्थ भाव से गौवंशों की सेवा करने वाले नीशू गौसेवक ने नंगे पैर रहने का आह्वान किया था। नीशू गौसेवक के 36 दिन के आह्वान के बाद राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर ने जब यह घोषणा की कि बदसलूकी करने वाली सुधी श्रीवास्तव को किसी भी तरीके से माफ नहीं किया गया है, उसका तबादला मुजफ्फरनगर जनपद से कराया जा चुका है, बस सूची जारी होने की देर है। इस आश्वासन के बाद व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ के आग्रह पर नीशू गौसेवक ने अपना प्रण निभाते हुए बुलेटिन कार्यालय पर ही जूते पहनने का काम किया।



## उपराष्ट्रपति धनखड़ की तबियत बिगड़ी

**नैनीताल, 25 जून (वार्ता)** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ यहां कुमाऊं विश्वविद्यालय में एक समारोह के दौरान अचानक असहज महसूस करने लगे जिसके बाद उन्हें तुरंत राजभवन ले जाया गया। उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने बताया कि श्री धनखड़ अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है और घबराने की कोई जरुरत नहीं है। उन्होंने कहा,



ह्लआज उपराष्ट्रपति कुमाऊं विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह में आये थे और उनका बहुत अच्छा उद्बोधन रहा। इस दौरान उनका स्वास्थ्य थोड़ा सा गड़बड़ हो गया था, लेकिन अब वह बिल्कुल स्वस्थ हैं। मैं अभी उन्हें देखने गया था, स्वास्थ्य विभाग की टीम भी वहां गयी थी। किसी को घबराने की कोई जरुरत नहीं है। मुझे लगता है कि उनके जो जो कार्यक्रम हैं वे यथावत रहेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपराष्ट्रपति अपने संबोधन के बाद मंच से उतरकर आग्रिम पंक्ति में बैठे लोगों से मिल रहे थे। इसी दौरान वह कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद महेन्द्र पाल से मिले जो 1989 में संसद में उनके साथ रहे थे। दोनों गले मिले और दोनों ही भावुक हो गये। इसी दौरान श्री धनखड़ अचानक असहज महसूस करने लगे। इसके बाद श्री धनखड़ तुरंत राज्यपाल लेफ्निेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह के साथ राजभवन रवाना हो गये। उपराष्ट्रपति तीन दिवसीय दौरे पर आज सुबह हेलीकॉप्टर से हल्द्वानी पहुंचे थे और सड़क मार्ग से नैनीताल आये थे। यहां उनके कई कार्यक्रम निर्धारित हैं।

## अनियंत्रित कार नहर में गिरने से नवजात सहित 4 की मौत, 3 घायल

हल्द्वानी, 25 जून (वार्ता) उत्तराखंड में नैनीताल जिले के हल्द्वानी में बुधवार सुबह एक अनियंत्रित वाहन के नहर में गिरने से उसमें वाहन सवार नवजात शिशु सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। कुमायूं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि आज सुबह हल्द्वानी में फायर ब्रिगेड दफ्तर के पीछे बहने वाली सिंचाई नहर में एक कार अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें एक नवजात सहित चार लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कार में कुल सात लोग सवार थे। कार में सवार सभी लोग ग्राम बरा, किच्छा, उधम सिंह नगर के निवासी थे। कार में सवार सभी लोग सुशीला तिवारी अस्पताल से वापस गांव लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि अचानक सिंचाई नहर में कार गिरने के बाद पलट गई। फिर थोड़ा आगे बहकर पुलिया में फंस गई। इस दौरान कार के अंदर पानी घुस गया। श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने कार को रेस्क्यू करके नहर से बाहर निकाला।

## बुलेटिन कार्यालय पर पहुंचे ऊर्जा मंत्री सोमेन्द्र तोमर के र्स्व समाज के स्वागत के दृश्य

















# आपातकाल में कांग्रेस ने लोकतन्त्र को किया कैद, प्रेस की आजादी छीनी : मोदी

**नयी दिल्ली 25 जून (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का 'सबसे काला अध्याय' और 'संविधान हत्या दिवस' बताया और आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम किया। श्री मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ''आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक, आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे हो गए हैं। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन, भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की आजादी को खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल में डाल दिया गया। ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था।''



प्रधानमंत्री ने कहा कि 'द इमरजेंसी डायरीज' में आपातकाल के वर्षों के दौरान मेरी यात्रा का वर्णन है। इसने उस समय की कई यादें ताज़ा कर दीं। श्री मोदी ने कहा, ''मैं उन सभी लोगों से अपील करता हूँ जो आपातकाल के उन काले दिनों को याद करते हैं या जिनके परिवारों ने उस दौरान कष्ट झेले हैं, वे अपने अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे युवाओं में 1975 से 1977 तक के शर्मनाक समय के बारे में जागरूकता पैदा होगी।'' उन्होंने आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम किया, जिनकी सामूहिक लड़ाई ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करने और चुनाव कराने पर मजबूर किया। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक ज्वलंत उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई। श्री मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और विकसित देश के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को साकार करें। यही हमारी प्रतिबद्धता है।

# पंचायत प्रकरण : पूर्व प्रधान के विरुद्ध पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

### ▶▶ पंचायत ने दुष्कर्म के आरोपी को थप्पड़ों की सजा देकर किया था माफ

**मीरापुर, 25 जून (बु.)।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले युवक को पंचायत में थप्पड़ों की सजा देकर तथा भरी पंचायत में आरोपी की थप्पड़ों से पिटाई कर उसे माफ करने के मामले में पुलिस ने पूर्व प्रधान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पूर्व प्रधान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने से पंचायत में शामिल अन्य लोगों में भी हड़कम्प मचा है।

कुछ दिन पूर्व गांव रसूलपुर गढ़ी में एक वहशी युवक ने रात के अंधेरे में अपने घर जा रही दूसरी बिरादरी की एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया था, जिसके बाद पूर्व प्रधान इश्तखार उर्फ सट्टल ने पीड़ित पक्ष को समझाकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही नही करने की बात कर आरोपी को पंचायत में सजा देने की कहकर पीड़ित पक्ष को थाने जाने से रोक लिया था तथा बाद में अपने आवास पर पंचायत आयोजित कर आरोपी को थप्पड़ों की सजा दी थी। भरी पंचायत में पूर्व प्रधान इश्तखार उर्फ सट्टल ने आरोपी की थप्पड़ों से पिटाई की थी तथा पीड़िता किशोरी से भी आरोपी को थप्पड़ लगवाए थे और आरोपी को माफी मांगने पर छोड़ दिया था। उक्त प्रकरण की वीडियो बनाकर पंचायत में शामिल किसी युवक ने एक सप्ताह बाद मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थी। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी देहात आदित्य बंसल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय पुलिस को कार्यवाही के निर्देश दिए, तो पुलिस हरकत में आ गयी, जिसके बाद वीडियो वायरल होने के कुछ घण्टों बाद ही मंगलवार की रात्रि में मीरापुर थाने में तैनात कस्बा इंचार्ज वीरेन्द्र सिंह ने पूर्व प्रधान इश्तखार उर्फ सट्टल के विरुद्ध उक्त मामले में आरोपी युवक तालिब पुत्र मुस्तकीम को बंधक बनाने, पंचायत में पिटाई करने व जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। उधर पूर्व प्रधान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होते ही पंचायत में शामिल अन्य लोगों में खलबली मच गयी है।

**बलात्कार के आरोपी के विरुद्ध दर्ज नहीं हुआ मुकदमा**

**मीरापुर।** पंचायत प्रकरण में आरोपी की पिटाई करने वाले पूर्व प्रधान के विरुद्ध तो वीडियो वायरल होने के बाद मुकदमा दर्ज हो गया, किन्तु किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपी के विरुद्ध कोई कानूनी कार्यवाही नहीं हुई है। मामले पर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि दुष्कर्म के प्रयास के मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, यदि तहरीर मिलती है, तो विधिक कार्यवाही की जाएगी। सोचने वाली बात ये है कि जिस आरोपी को उसके कुकृत्य के लिए पंचायत में सजा सुनाई गई। वह वीडियो वायरल होने के बाद भी कानूनी कार्यवाही से बच गया।

# 9 सुपर व 18 जोन में बांटा जनपद, 1543 कैमरों से होगी कांवड़ यात्रा की निगरानी

### ▶▶ अब सोशल मीडिया पर रहेगी जिला प्रशासन की कड़ी नजर ▶▶ शांति समिति की बैठक में डीएम-एसएसपी ने मांगा सहयोग ▶▶ आपसी सद्भाव व सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाएं सभी त्योहार ▶▶ चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रशासन अलर्ट मोड पर ▶▶ बिजली-पानी, साफ-सफाई उपलब्ध कराना पहली जिम्मेदारी

**मुजफ्फरनगर, 25 जून (बु.)।** आगामी त्योहारों मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड़ पर आ गया है। बुधवार में इन्हीं व्यवस्थाओं के बीच जिला पंचायत सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सामाजिक व धार्मिक क्षेत्रों से जुड़े जिम्मेदार लोगों ने प्रतिभाग किया। सुरक्षा कारणों से जनपद को नौ सुपर जोन, 18 जोन एवं 38 सेक्टर में बांटते हुए कांवड़ मार्ग पर हरिद्वार बार्डर पुरकाजी से लेकर मंसूरपुर-खतौली, शहर में शिवचौक, शामली रोड सहित कांवड़ नहर पटरी मार्ग पर 1543 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिला पंचायत सभागार में संपन्न हुई शांति समिति की बैठक में मुस्लिम समुदाय के लोगों की बड़ी संख्या में इस बीच मौजूदगी रही, जिन्होंने त्योहारों के बीच आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनसे जुड़े सुझाव अधिकारियों



के समक्ष रखे और प्रशासन को सहयोग का इस बीच आश्वासन दिया। हालांकि शांति समिति की बैठक में हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों की गैर मौजूदगी चर्चा में रही। बैठक में डीएम उमेश मिश्रा ने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के बीच क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, डिवाइडर जैसी तमाम मूलभूत समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किए जाए।

बैठक में एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सफल बनाने के लिए जहां कांवड़ मार्ग पर शराब की दुकानें बंद रहेगी, वहीं सभी धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों को चिन्हित करने साथ शासन से अतिरिक्त पुलिस अधिकारी एवं फोर्स की डिमांड के साथ जनपद के पुलिस फोर्स के अलावा 800 सिपाही, 60 इंस्पेक्टर, 200 सब इंस्पेक्टर, एटीएस पीएसी की तीन कंपनियां आदि की डिमांड की गई। कांवड़ यात्रा मेले की ड्रोन कैमरे से की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया या धार्मिक आयोजनों में भड़काऊ भाषण देने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए इस बार अतिरिक्त रूप से 5 चीता मोबाइल पुलिस दल की ड्यूटी लगाई गई है। जिला पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में सभी समुदायों का सहयोग जरुरी है। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से शहर काजी तनवीर आलम, शहर मुफ्ती जुल्फिकार, एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी यातायात अतुल चौबे, नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी, एसडीएम मोनालिसा जौहरी, सीओ सिटी राजू साव, सीओ सदर देवव्रत, सीओ मंडी रूपाली राव, सीओ जानसठ यतेन्द्र सिंह नागर, सीओ भोपा डॉ. रविशंकर मिश्रा, सीओ बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह, सीओ खतौली रामाशीष यादव, सीएफओ अनुराग सिंह, डीपीआरओ रेणु श्रीवास्तव, ईओ पालिका प्रज्ञा सिंह, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़ सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य मौजूद रहे।

**शेष खबर : शुभांशु शुक्ला के ....**

मिशन में अनेक देशों की हिस्सेदारी है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले साल 1984 में अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा रूसी अंतरिक्ष यान से गये थे। ग्रुप कैप्टन शुक्ला आईएसएसजाने वाले पहले भारतीय हैं। यह एक निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन है जो आईएसएस के लिए जा रहा है। इस मिशन का मकसद 31 देशों की ओर से लगभग 60 वैज्ञानिक अध्ययन और गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाना है। इनमें भारत, अमेरिका, पोलैंड, हंगरी, सऊदी अरब, ब्राजील, नाइजीरिया, संयुक्त अरब अमीरात, और यूरोप शामिल हैं। उड़ान निदेशक व्हिटसन वह अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं जिन्होंने अब तक सबसे अधिक समय अंतरिक्ष में बिताया है। अब तक के सभी निजी मिशनों में यह सबसे बड़ा और वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिशन होगा। इस मिशन से साबित होता है कि किस प्रकार निजी कंपनियां अब वैश्विक अंतरिक्ष कार्यक्रमों में व्यापक भूमिका अदा कर रही हैं और इस तरह के कार्यक्रमों को आसान बना रही हैं।

## शाहपुर क्षेत्र के कौशल तितौरिया की दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हादसे में दुःखद मौत

**शाहपुर, 25 जून (बु.)।** क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी 57 वर्षीय एक व्यक्ति की दिल्ली हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर एक हादसे में मौत हो जाने से गांव में शोक व्याप्त हो गया। क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी 57 वर्षीय कौशल तितौरिया मुंबई में रहकर अपने भाई भूपेंद्र तितौरिया के साथ प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। वह करीब तीन सप्ताह पूर्व गांव में आया हुआ था। सोमवार को वह मुंबई जाने के लिए गांव से दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन गया था। ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर मुंबई जाने वाली रेलगाड़ी में सवार होने लगा। रेलगाड़ी में भारी भीड़ होने के कारण वह ठीक



प्रकार से रेलगाड़ी के डिब्बे में नहीं चढ़ सका तथा अनियंत्रित होकर नीचे रेलवे लाइन पर गिर गया, जिसके चलते हुए हादसे में उसकी मौत हो गई। सूचना पर परिजन दिल्ली स्थित हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। रेलवे पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार को गमगीन माहौल में गांव में स्थित श्मशान घाट पर मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

# बारात की कार में सवार युवकों ने यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई

**मीरापुर, 25 जून (बु.)।** कार में सवार होकर बारात में जा रहे युवकों ने कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर जमकर हुड़दंग मचाया। हुड़दंग मचाने वालों की

**बारात की कार में सवार युवकों का उत्पात मचाते वीडियो वायरल**

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वायरल वीडियो में बारात की कार में सवार युवक चलती कार की खिड़की से बाहर निकलकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहे हैं। सड़कों पर आये दिन हो रहे हादसों से भी युवा पीढ़ी सबक नहीं ले रही है। युवा लगातार स्टन्टबाजी करते सड़कों पर दिखाई पड़ते हैं। बारात की गाड़ियों में खिड़कियों से बाहर निकलकर हुड़दंग मचाना आम बात हो गयी है। पुलिस द्वारा लगातार वाहनों की चैकिंग करके लोगों के वाहनों के चालान काटे जाने के बाद भी वाहन चालक व उनमें सवार लोग गलतियों से सबक नहीं ले रहे हैं। मंगलवार को मीरापुर में दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर दौड़ रही बारात की एक कार की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें बारात की कार में सवार कुछ युवक कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर अपनी जान जोखिम में डालकर पूरा हुड़दंग मचा रहे हैं। कार में सवार दो युवक





मीरापुर में बारात की कार में सवार होकर हुड़दंग मचाते युवक

चलती कार की खिड़की से बाहर निकलकर दोनों हाथों को लहरा रहे हैं। युवकों की इस वीडियों को देखकर लोग पुलिस से कार्यवाही की मांग कर रहे हैं। बता दें कि मीरापुर क्षेत्र में बारात की कार में खिड़कियों पर सवार होकर उत्पात मचाना आम बात हो गयी है, जो कि बेहद खतरनाक है। इस तरह की लापरवाही हादसों का सबब बन जाती है तथा हादसों से खुशियां मातम में तब्दील हो जाती हैं।

**इन्होंने कहा...** वायरल वीडियो की जानकारी लगी है, वीडियो में युवक मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करते दिखाई पड़ रहे हैं। कार को चिह्नित कर एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी।

**बबलू कुमार वर्मा**
प्रभारी निरीक्षक थाना मीरापुर

# महलजना के युवक की पंजाब में दर्दनाक मौत

**बुढ़ाना, 25 जून (बु.)।** ऊंचे टावर पर चढ़कर कार्य कर रहा एक युवक अचानक से सेफ्टी पिन के टूट जाने से नीचे गिरकर मौत के मुंह में समा गया। इस घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया और वे शव को लेने के लिए पंजाब राज्य के लिए रवाना हो गये। इस घटना को लेकर पूरे गांव में शोक व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की उकावली पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव महलजना निवासी बासीब पुत्र इसरार राणा पंजाब राज्य के जनपद तरन तारन के कस्बा पट्टी में रहकर खराब हुए टावर को ठीक करने का कार्य करता है। आज बुधवार की सुबह हर दिनों की भांति वह किसी ऊंचे टावर पर चढ़कर उसको ठीक करने का काम कर



रहा था कि अचानक से सेफ्टी पिन टूट गया और वह काफी ऊंचाई से नीचे गिरकर घायल हो गया। टावर के नीचे खड़े मजदूरों ने बासिब राणा को आनन-फानन में एक नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने बासिब राणा को मृत घोषित कर दिया। जैसे ही फोन पर बासिब के मरने की सूचना उसके परिजनों को मिली, तो परिजनों में जबरदस्त कोहराम मच गया और वे उसके शव को लेने के लिए पंजाब प्रांत के लिए रवाना हो गये थे। देर रात तक भी समाचार लिखे जाने तक बासिब राणा का शव गांव महलजना में नहीं आ पाया था और पूरे गांव में शोक व्याप्त था। बासिब राणा के 2 बच्चे बताए गये हैं और वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का गुजर-बसर कर रहा था।

# निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम की भूमि कब्जाने का आरोप

**मीरापुर, 25 जून (बु.)।** गांव कासमपुर खोला के ग्रामीणों ने श्री राम ग्रुप पर गांव में बनाए जा रहे मिनी स्टेडियम की भूमि कब्जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की है। ग्रामीणों ने श्री राम ग्रुप आफ एजुकेशन पर स्टेडियम की भूमि को अपनी भूमि में मिलाकर तारबंदी करने का आरोप लगाया है। कुछ माह पूर्व जनपद में आये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयोजित सभा के दौरान बिजनौर सांसद चन्दन चौहान के प्रस्ताव पर मीरापुर विधानसभा के नागरिकों को गांव कासमपुर खोला में मिनी स्टेडियम की सौगात दी थी। शासन ने कासमपुर खोला में खाता संख्या-142 के खसरा संख्या- 157 भूमि को चिह्नित कर मिनी स्टेडियम के लिए जमीन दी थी। ग्रामीणों के अनुसार मिनी स्टेडियम का निर्माण चल रहा है। मिनी स्टेडियम की भूमि के बराबर में श्री राम ग्रुप ऑफ एजुकेशन मुजफ्फरनगर की जमीन है। ग्रामीणों का आरोप है कि श्री राम ग्रुप ऑफ एजुकेशन मुजफ्फरनगर ने स्टेडियम की दीवार के अंदर भूमि पर कब्जा करने की नीयत से सीमेंट के खम्भे गाड़कर तारबंदी करवा दी है। ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी लगी तो ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया तथा कासमपुर खोला के ग्राम प्रधान पति पंकज कुमार, पूर्व प्रधान रामसिंह, रणपाल सिंह, मदनपाल सिंह, सुनील कुमार, रविंद्र, भंवर सिंह तथा निजामपुर के पूर्व प्रधान तेजपाल सिंह व गंगदासपुर निवासी मोहित कुमार, अमित कुमार आदि ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे का विरोध किया। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।



मीरापुर के कासमपुर खोला में स्टेडियम की भूमि में कई गई तारबंदी

## हैदरपुर वेटलैंड के खैर की लकड़ी के प्रकरण में वन रेंजर सस्पेंड

**रामराज, 25 जून (बु.)।** रामसर साईट हैदरपुर वेटलैंड से करोड़ों की खैर की लकड़ी की तस्करी के मामले को गम्भीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों ने जानसठ रेंज के वन रेंजर आरिफ जमाल खान को सस्पेंड किया। रामसर साईट हैदरपुर वेटलैंड के जंगल से खैर तस्करों ने करोड़ों रुपए के 100 से अधिक पेड़ काट लिए थे। मामला उजागर होने के बाद बीते शुक्रवार को डीएफओ कन्हैया लाल पटेल ने टीम के साथ जांच की, तो काटे गए खैर के 52 पेड़ों की गिनती हुई थी, जिसके बाद लकड़ी तस्करी के मामले में लापरवाही और मिलीभगत पाए जाने के बाद डीएफओ ने हैदरपुर बीट के वन दरोगा रवि कुमार व वन रक्षक मोनू को सस्पेंड किया था। इसके बाद हरकत में आये रेंजर आरिफ जमाल खान ने नौ खैर तस्करों को नामजद करते हुए 22 तस्करों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए थे तथा उत्तराखंड के लक्सर से 80 कुंतल खैर की लकड़ी भी बरामद की थी। साथ ही वन विभाग व स्थानीय थाने की पुलिस खैर तस्करों की तलाश में मुजफ्फरनगर, बिजनौर, हरियाणा व उत्तराखंड में दबिश दे रही है, लेकिन आरोपी नामजद होने के बाद भी टीम किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। रामसर साइट हैदरपुर वेटलैंड क्षेत्र से हुई खैर तस्करी की लखनऊ तक गूंज जाने के बाद उच्च अधिकारियों ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को जानसठ रेंज के वन रेंजर आरिफ जमाल खान को भी सस्पेंड कर दिया है। डीएफओ कन्हैया पटेल नें रेंजर को सस्पेंड किए जाने की पुष्टि की है।